बस्ती के बीच भरा गंदा जहरीला पानी

खास बातें

- निकास का रास्ता न होने से बने हालात
- नपा नहीं देती ध्यान, जल प्रभारी नहीं देखते काम

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा 9 जनवरी, बस्ती के बीच भरा गंदा कीचड़ वाला जहरीला पानी जमा है. लोगों का कहना है कि निकास का रास्ता नहीं होने से पीने के पानी वाले नल कनेक्शन जर्जर स्थिति में पाइप के माध्यम से गंदगी पानी में पहुंच सकती है.इस और नगर पालिका परिषद के जल विभाग को गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है.अन्यथा इंदौर जैसी घटना यहां भी घट सकती है.

गंदा पानी पीने के कारण नगर में जहां देखो वहां जलप्रदाय पाइप लाइनों से नल कनेक्शन की लाइन बहुत खराब स्थिति में देखी जा रही है.पुरानी पाइप लाइन से अभी भी अनेक जगह पानी पहुंच रहा है.नई पाइपलाइन से पुरानी पाइपलाइन कैसे कनेक्ट हुई यह देखने की जरूरत है.अनेक लोग पुरानी पाइप लाइन से भी पानी ले रहे हैं जो जगह-जगह से क्षतिग्रस्त है उस पानी को भी लोग पी रहे हैं.नगर पालिका जल विभाग समिति इस ओर कभी ध्यान नहीं देती केवल नाम है. नगर पालिका परिषद जल समिति का प्रभारी समिति के लोग शहर के अंदर कहां-कहां जल प्रदाय पाइपलाइन क्षतिग्रस्त है कहां लीकेज है जो नाली गटर के अंदर से निकले हुए हैं.पाइप जर्जर स्थिति में है.जगह जगह छेद हैं जहां से पानी प्रवेश करता है.नालियों का नगर के सभी 24 वार्डों में निरीक्षण करना चाहिए.

नागरिकों को यह भी पता नहीं है जल प्रभारी कौन है और उसके सदस्य कौन-कौन हैं.नाम दरोगा जैसी स्थिति चल रही है, कार्यालयों के चक्कर लग रहे हैं.उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है कुछ लोगों ने न्यायालय में उलझा रखा है, कुछ ब्लैकमेलर अल्पसंख्यकों को डरा धमका रहे हैं तरह-तरह के आरोप लगाकर वह भयभीत हैं और उन्हें उलझाया जा रहा है.अनेक लोगों ने इस प्रतिनिधि को बताया कि यह ब्लैकमेलर रुपए की मांग करते हैं न देने पर तरह-तरह के आरोप लगाकर उन्हें परेशान कर रहे हैं.उन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों तथा प्रिंट मीडिया से जुड़े लोगों को सारी जानकारी से अवगत कराया है.जरूरत है ऐसे लोगों की जांच पड़ताल करने की ताकि कोई बड़ी घटना घटित न हो सके.इस तरह के लोगों को कौन संरक्षण दे रहा है.

सबसे बड़ा प्रश्न यह है की पुरानी पाइप लाइन से जलप्रदाय कैसे हो रहा है कहां कहां नई पाइप लाइन से पुरानी पाइपलाइन जुड़ी हुई है .यह देखने की जरूरत है इस गंदे पानी से कोई घटना घटित होती है तो जिम्मेदार कौन होगा परिषद के जिम्मेदारों को यह देखना चाहिए.

नियम शर्तों के अनुसार नहीं डली पाइप लाइन

वार्ड 3 में पुरानी और नई पाइप लाइन से पानी आ रहा है.कुछ लोग पुरानी लाइन से पानी ले रहे हैं.जल विभाग के कुछ कर्मचारियों ने रातों-रात अवैध नल लगाए हैं.जिनकी जांच होना चाहिए और जो अवैध न लगे हैं किसने लगाये यह पता लगाने की भी जरूरत है.इससे नगरपालिका को आर्थिक क्षति हो रही है अभी जो जलप्रदाय पाइपलाइन डाली जा रही है. वह नियम शर्तों के अनुसार नहीं डाली जा रही है.नीचे बेस नहीं डाला जा रहा है.धमस लगने पर यह पाइप लाइन फूट जाएगी.नियमों का पालन नहीं हो रहा है.बताया जा रहा है कोई गुजरात की कंपनी यह कार्य देख रही है. मौके पर नगर पालिका परिषद के इंजीनियर जांच पड़ताल नहीं करते.अभी तो यह लाइन डल जाएगी और चालू भी हो जाएगी परंतु आगे लोगों को परेशानी से जूझना पड़ेगा.

नपा शासन को भेजेगी शहर की सीमा वृद्धि का प्रस्ताव

नपा परिषद ने बैठक में शहर के चारों ओर सीमा वृद्धि का प्रस्ताव किया पारित

शहर की सीमा वृद्धि हो जाने पर लोगों को मिलेगा लाभ



नवभारत न्यूज

सिरोंज 9 जनवरी, नगर पालिका परिषद की बैठक में बुधवार को नगर सिरोंज की जनगणना के पूर्व चारों ओर सीमा वृद्धि किये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है. जिसके बाद अब नपा शहर की सीमा वृद्धि का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजेगी. शासन से दिशा निर्देश मिलने के बाद आगामी कार्यवाही की जाव सकेगी. बीते कई सालों से शहर की जनसंख्या में बढ़ोत्तरी होने तथा शहर से लगे क्षेत्रों में बड़ी तादाद में लोगों द्वारा मकान बनाकर रहने के बाद अब नगर पालिका द्वारा शहर के चारों ओर सीमा वृद्धि किये जाने की योजना बनाई गई है.

बीते सालों में शहर की जनसंख्या में बढ़ोत्तरी हुई है. वही कई सालों से शहर की सीमाओं की वृद्धि न होने से शहर से लगे क्षेत्रों में भी काफी लोग मकान बनाकर रह रहे हैं. लेकिन नगरीय सीमा में ना होने के कारण नगरपालिका इन क्षेत्रों में लोगों को सुविधाएं उपलब्ध नहीं करा पा रही है. जिससे शहर की सीमाओं की वृद्धि किये जाने की जरूरत महसूस हो रही थी. जिसके बाद बुधवार को हुई नगर पालिका परिषद की बैठक में नगर सिरोंज की जनगणना के पूर्व चारों ओर सीमा वृद्धि किये जाने के प्रस्ताव को परिषद द्वारा मंजूरी दी गई. जिसके बाद अब नगर पालिका प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजेगी. हालांकि शासन से दिशा निर्देश एवं मंजूरी मिलने के बाद ही आगामी कार्यवाही हो सकेगी. इस संबंध में सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया कि बीते सालों में शहर की जनसंख्या में काफी बढ़ोत्तरी हुई है. शहर से लगे क्षेत्रों में भी काफी संख्या में लोग निवास कर रहे है. लेकिन नगरीय सीमा में ना होने के कारण नगर पालिका इन क्षेत्रों में लोगों को सुविधाएं उपलब्ध करा पा रही है. जिसको लेकर कई बार मांग की जा रही है. बीते दिनों नगर पालिका परिषद की बैठक में शहर की सीमा वृद्धि किये जाने के प्रस्ताव को नपा परिषद द्वारा मंजूरी दी गई है. जिसके बाद अब सीमा वृद्धि का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जावेगा. वही शासन के दिशा निर्देश पर आगामी कार्यवाही की जावेगी. उन्होंने बताया कि इससे इन क्षेत्रों में रह रहे लोगों को भी नपा से सुविधाएं मिल सकेगी. उन्होंने बताया कि फिलहाल नगरपालिका भोपाल रोड पर मल्सीपुर तक, आरोन रोड पर बायपास चौराहा, इमलानी रोड पर बायपास चौराहा एवं लटेरी रोड पर मोईया झोरा तक नगर की सीमा वृद्धि किए जाने की योजना बना रही है.

एक नजर में

गौमाता के बछड़े को निकाला जीवित

नवभारत न्यूज

सिरोंज, बीती रात नगर के गौसेवकों की कोशिशों के बाद एक गौमाता द्वारा आपरेशन के बाद बछड़े को जन्म दिया गया. संत श्रीसुधा सागर गौशाला के सदस्य आयुष ने बताया कि बीती रात्रि ग्राम भन्नाखेड़ा से सूचना मिली कि एक गौमाता प्रसव पीड़ा में है. लेकिन बछड़ा बाहर नहीं आ पा रहा. लोगों ने बताया कि पूर्व में गौमाता का एक वाहन से एक्सिडेंट भी हुआ था. जिसपर गौमाता को गौशाला लाया गया. जिसके बाद अनुभवी चिकित्सकों एवं उनकी टीम द्वारा गौमाता का ऑपरेशन कर बछड़ा जीवित बाहर निकाला गया.

गैर कृषि अंतर्गत उद्यम सखी का हुआ प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

विदिशा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान में ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से गैर कृषि अंतर्गत उद्यम सखी विषय पर आयोजित 6 दिवसीय नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ.समापन कार्यक्रम में एसबीआई क्षेत्रीय प्रबंधक बिनय कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को बैंकिंग प्रणाली, ऋण प्रक्रियाओं, वित्तीय अनुशासन तथा स्वरोजगार से जुड़ी विभिन्न शासकीय एवं बैंक योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की.उन्होंने कहा कि उद्यम सखी के माध्यम से महिलाएं स्वरोजगार अपना कर न केवल अपनी आय बढ़ा सकती हैं, बल्कि समाज में आत्मनिर्भरता का उदाहरण भी प्रस्तुत कर सकती हैं.कार्यक्रम की अध्यक्षता आरसेटी डायरेक्टर फटिक चन्द्र महली ने की. उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि उद्यम सखी प्रशिक्षण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार करता है और उन्हें स्वरोजगार के नए अवसरों से जोड़ता है.प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन में संकाय सदस्य प्रशांत कुमार परिहार का महत्वपूर्ण योगदान रहा. प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को उद्यमिता विकास, व्यवसाय प्रबंधन एवं आजीविका के वैकल्पिक साधनों की व्यवहारिक जानकारी दी गई. कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे.

नि:शुल्क ब्लड ग्रुप चेक आज दुर्गा नगर में

आपके जीवन को सुरक्षित रखने का उद्देश्य लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाने देहदानी विकास पचौरी विदिशा के घर-घर जाकर सभी का नि:शुल्क ब्लड ग्रुप चेक करबा रहे हैं। आपके घर के पास सेवा वाहन आने पर कृपया सभी उम्र के बच्चे, भाई-बहन एवं बुजुर्ग अपने ब्लड ग्रुप की जाँच कराकर परिचय कार्ड बनवाकर अपने भारत देश का नाम विश्व में रौशन करने में योगदान दें।

धर्म के नाम पर समाज के नाम पर भूमि की भूख को लेकर हो रहे विवाद, प्रशासन परेशान

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में धर्म जाति और भूमि की भूख को लेकर दंगे फसाद मारपीट जानलेवा हमले हो रहे हैं.मंदिर की जमीनों पर कब्जा शासकीय विद्यालयों की जमीनों पर कब्जा, जिन गरीबों को वर्षों पूर्व जमीन के पट्टे दिए गए थे.उन जमीनों पर उन्हें कब्जा नहीं मिल रहा है और वह शासकीय



अभाविप ने की आरोपी पर कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

सिरोंज, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सिरोंज इकाई द्वारा प्रभु श्रीराम के विरुद्ध की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में ज्ञापन सौंपा. इस मौके पर अभाविप नगर मंत्री आशीष शर्मा ने कहा कि प्रभु श्रीराम के विरुद्ध की गई अभद्र टिप्पणी से समाज की धार्मिक भावनाएँ आहत हुई हैं. जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता. इस दौरान उन्होंने आरोपी को गिरफ्तारी कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की. इस अवसर पर अभाविप कार्यकर्ता मौजूद रहे.

क्षेत्र में तेंदुए का आतंक, किसानों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

पठारी, पठारी क्षेत्र में तेंदुओं की बढ़ती आवाजाही से ग्रामीणो और किसानों में भय का माहौल बना हुआ है. ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में दो से तीन तेंदुआ लगातार घूम रहे हैं, जिससे आए दिन मवेशियों का शिकार हो रहा है.

किसानों को अब जनहानि की आशंका सताने लगी है. तेंदुआ गौशाला, स्कूल परिसर और रिहायशी इलाकों तक पहुंच चुका है.बीती रात बालक हायर सेकेंडरी स्कूल के पास तेंदुआ देखे जाने के बाद किसानों में दहशत और आक्रोश फैल गया है. जिसको लेकर किसान एकत्रित हुए और तहसील कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर के नाम का ज्ञापन पठारी तहसीलदार को सौंपा. ज्ञापन में किसानों ने मांग की है कि 7 दिन के भीतर तेंदुआ को पकड़कर क्षेत्र से हटाया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि को रोका जा सके1किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय-सीमा में कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे.ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र वन विभाग की टीम तैनात कर तेंदुआ पकड़ने की ठोस कार्रवाई करने की मांग की है.ज्ञापन सौंपने वालों में संतोष सेन, टीकाराम साहू, रामस्वरूप सेन, जित्तू पटेल, हीरालाल साहू, नंदकिशोर, कपिल सेन, जतिन कुशवाह, ऋषभ बागड़ी, आशीष सेन, रमेश आदि किसान शामिल रहे.

निशुल्क कन्या विवाह, श्रीमद् भागवत कथा के लिए तैयारी जोरों पर

सुबह प्रभात फेरी में सम्मिलित होंगे सैकड़ों श्रद्धालु

नवभारत न्यूज

पठारी, नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पंचकुंडीय श्री राम महायज्ञ श्रीमद् भागवत कथा एवं निशुल्क कन्या विवाह 16 जनवरी से प्रारंभ होगा. जिसको लेकर पठार वाले हनुमान मंदिर परिसर में तैयारीयां जोरों पर चल रही हैं. निशुल्क विवाह समिति के अध्यक्ष राकेश सिंघाई व जसवंत सिंह यादव ने बताया कि इस बार सात दिन तक सुबह पांच बजे डीजे एवं भजन मंडली रामधुन के साथ प्रभात फेरी निकाली जाएगी जो बड़ी माता मंदिर से प्रारंभ होगी. यह प्रभात फेरी नगर के प्रमुख धार्मिक स्थलों से होती हुई.पठार वाले हनुमान मंदिर पर समापन होगी.इस प्रभात फेरी में सुबह से सैकड़ो श्रद्धालु सम्मिलित होंगे प्रभात फेरी एवं निशुल्क कन्या विवाह नगर में चर्चा हो रही है कथा वाचक श्री बालकृष्ण दास महाराज नवली कुंज आश्रम वृंदावन के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा.वहीं प्रतिदिन पंचकुंडीय श्री राम महायज्ञ सुबह 8 बजे से यज्ञा आचार्य पंडित नरेंद्र कुमार दुबे एवं विवाह आचार्य पंडित रमेश कुमार रिछारिया के द्वारा मंत्रउच्चरणों से यज्ञ में आहुतियां दी जाएगी श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर भंडारा एवं बसंत पंचमी पर कृष्णा गणेश गार्डन में होंगे निशुल्क कन्या विवाह संपन्न.

स्वच्छता चैंपियन हुए सम्मानित

नवभारत न्यूज

सिरोंज, नगरपालिका द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता एवं स्वच्छता चैंपियन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य नगर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थानों, वार्डों एवं नागरिकों को प्रोत्साहित करना तथा पूरे शहर को स्वच्छता की दिशा में एकजुट करना रहा.

इस अवसर पर आयोजित स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, शासकीय कार्यालयों एवं वार्डों के बीच स्वच्छता, साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन एवं जन सहभागिता के आधार पर मूल्यांकन किया गया. प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर केडीबीएम स्कूल को प्रथम, उप डाकघर को द्वितीय एवं वार्ड 8 को तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया. साथ ही नगर में निरंतर स्वच्छता के लिए समर्पित नागरिकों को स्वच्छता चैंपियन के रूप में सम्मानित किया गया. जिसमें ज्योति दुबे, नईम खां, अजय घेंघट, रोहित नरवारे, सीमा बाई एवं अंजली करोसिया को सम्मानित किया गया. इन सभी ने अपने-अपने क्षेत्र में स्वच्छता, कचरा पृथक्करण, जन जागरूकता एवं साफ-सफाई के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया. इस मौके पर नपाध्यक्ष मनमोहन साहू एवं सीएमओ रामप्रकाश साहू ने नगरवासियों से अपील की कि स्वच्छता हर नागरिक का कर्तव्य है. उन्होंने विशेष रूप से रोको-ठोको अभियान पर जोर देते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर थूकना, गंदगी फैलाना एवं खुले में कचरा फेंकना सामाजिक अपराध है. और इसे रोकने के लिए हर व्यक्ति को जागरूक होना आवश्यक है. उन्होंने कहा कि यदि हर नागरिक अपने घर, गली और वार्ड को स्वच्छ रखने का संकल्प ले. तो सिरोंज शहर निश्चित रूप से एक आदर्श स्वच्छ नगर बन सकता है. कार्यक्रम में नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, नपा उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ, सीएमओ रामप्रकाश साहू, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी मनीष कुमार तथा नपा के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे.

मेले में चल रही कुश्ती प्रतियोगिता, शबाब पर बासौदा का मेला

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन श्री रामलीला मेला गंजबासौदा में चल रहा है.जिसमें नगर के सभी स्कूल के छात्र-छात्राएं अपना जौहर दिख रहे हैं.श्री रामलीला मेला में कुश्ती प्रतियोगिता खो-खो प्रतियोगिता के साथ अन्य प्रतियोगिताएं भी चल रही है. गंजबासौदा का श्री रामलीला मेला पूरे शबाब पर है.ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग श्री रामलीला मेला देखने आ रहे हैं और खूब खरीदारी कर रहे हैं खेल तमाशों का भी आनंद ले रहे हैं सर्वाधिक भीड़ मौत का कुआं देखने पहुंच रही है.

श्री रामलीला मेला समिति की अध्यक्ष तथा सभी सदस्य मेला व्यवस्था में लगे हुए हैं ताकि किसी तरह की परेशानी मेला देखने वालों को न हो और व्यवस्था बनी रहे.इस वर्ष मेला में किसी तरह की शिकायत सामने नहीं आई है पुलिस व्यवस्था भी सराहनीय चल रही है बदमाश कहीं नजर नहीं आ रहे हैं.इस वर्ष श्री रामलीला मेला में पार्षदों को निशुल्क पास बंद कर दिए गए हैं.इसके चलते झूला मौत

का कुआं तथा अन्य खेल तमाशा वाले कम रेट पर लोगों को सुविधा दे रहे हैं.इस वर्ष मेला में बासू की धांसू गुलाब जामुन का आनंद नहीं मिल रहा है.क्योंकि वासु भाई सिंधी अब हमारे बीच नहीं रहे हैं.वह हर वर्ष श्री रामलीला मेला में बहुत बड़ी गुलाब जामुन बनाते थे जिसे वासु की धांसू गुलाब जामुन कहा जाता था, एक समय बरखेड़ा की गुलाब जामुन श्री रामलीला मेला में बहुत प्रसिद्ध थी.होटल संचालक की मौत होने से अब बरखेड़ा की गुलाब जामुन का आनंद ग्रामीण नहीं ले पा रहे हैं.वैसे मेला में मिठाई नमकीन चाट पकौड़े खूब बिक रहे हैं लोग आनंद ले रहे हैं श्री रामलीला मेला का मंचन भी चल रहा है.

हैदरगढ़ में आयुष्मान पंजीयन शिविर का आयोजन

नवभारत न्यूज

हैदरगढ़, कस्बा हैदरगढ़ में वनमंडलाधिकारी विदिशा, उप वनमंडलाधिकारी विदिशा एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी ग्यारसपुर के मार्गदर्शन में तेंदूपत्ता संग्राहकों के आयुष्मान पंजीयन हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर का आयोजन ग्राम हैदरगढ़ में आयोजन किया गया इस शिविर में तेंदूपत्ता संग्राहकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें आयुष्मान योजना के तहत पंजीयन की सुविधा प्रदान की गई आयुष्मान योजना के तहत गरीब परिवारों को 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान किया जाता है। इस योजना का उद्देश्य गरीब और वंचित वर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है शिविर में तेंदूपत्ता संग्राहकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें उनके रक्तचाप, शुगर, और अन्य स्वास्थ्य पैरामीटर्स की जांच की गई. वन विभाग से पोषक अधिकारी मुकेश शर्मा, समिति प्रबंधक कल्याण सिंह, वनरक्षक देवकीनंदन रैकवार, रवि रघुवंशी, अनुज शर्मा ,भागवती लखेरा आदि उपस्थित रहे.

आयोजन हिंदू सम्मेलन में हनुमान मंदिर पर आयोजित एक पंगत-एक संगत भंडारे में 3000 ग्रामीणों ने ग्रहण की प्रसादी

पंच परिवर्तन का दिया संदेश, बीलाढाना में सकल हिंदू समाज का भव्य आयोजन

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, संस्कारों की पहली पाठशाला परिवार है, जहां से राष्ट्रभक्ति का बीज अंकुरित होता है. भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए स्वदेशी को अपनाना आवश्यक है, जिससे स्थानीय उद्योग और श्रमिक सशक्त हों.यह बात ग्राम बीलाढाना (मंडल अंबानगर) स्थित ऊहर खंड में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में संपन्न हुए एक विशाल हिंदू सम्मेलन मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक राकेश परमार ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए.

अपने ओजस्वी उद्बोधन में उन्होंने कहा कि यह आयोजन तभी सफल होगा जब समाज का अंतिम व्यक्ति जाति-भेद व ऊँच-नीच से ऊपर उठकर एकता के भाव से चलते हुए राष्ट्र भक्ति को अपने आचरण में धारण करेगा. अपने उद्बोधन में श्री परमार ने पंच परिवर्तन को राष्ट्र निर्माण का मूल मंत्र बताकर पर्यावरण संरक्षण को जीवन का संस्कार बनाते हुए जल, वन और भूमि की रक्षा का आह्वान किया.कुटुंब प्रबोधन पर बोलते हुए उन्होंने नागरिक अनुशासन को मजबूत लोकतंत्र की आधारशिला बताते हुए नियमों के पालन पर जोर दिया. सामाजिक समरसता को उन्होंने भारत की आत्मा कहा और कि जब समाज इन पांच परिवर्तनों को अपने आचरण में उतार लेगा, तब राष्ट्र स्वत: ही विश्वगुरु की दिशा में अग्रसर होगा.सम्मेलन का उद्देश्य समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना, सामाजिक समरसता को मजबूत करना और राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना रहा. कार्यक्रम को धार्मिक गरिमा महंतश्री 1008 रामप्रियदास जी महाराज के पावन सानिध्य से प्राप्त हुई.महाराज श्री ने अपने उद्बोधन में सनातन धर्म के वैज्ञानिक और आध्यात्मिक पक्ष पर प्रकाश डालते हुए धर्म के मार्ग पर दृढ़ रहने की प्रेरणा दी.वहीं ओजरस के कवि अंकित पाठक ने भारत माता को समर्पित वीर रस की कविताओं से वातावरण को राष्ट्रभाव से ओतप्रोत कर दिया, जिस पर श्रोताओं ने करतल ध्वनि से उत्साह व्यक्त किया. कार्यक्रम का प्रभावी और सशक्त संचालन वेदांश वेदांतकुलम द्वारा किया गया.उन्होंने ओजस्वी गीतों और भावपूर्ण प्रस्तुति के माध्यम से पूरे जनसमूह को एकसूत्र में बांधे रखा.सम्मेलन के समापन पश्चात हनुमान मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जहां सभी उपस्थित जनों ने प्रेम, सौहार्द और समरसता के साथ महाप्रसादी ग्रहण की. कार्यक्रम में बीलाढाना सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे.अंत में आयोजन समिति सकल हिंदू समाज ने कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी कार्यकर्ताओं, ग्रामीणजनों और अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया.

24 जनवरी से होने वाले 51 कुंडात्मक श्री राम महायज्ञ को लेकर तैयारियां जोरों पर

नवभारत न्यूज

पठारी, नगर के बालाजी धाम बड़ोह में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष होने वाले 51 कुंडात्मक संकटमोचन श्री राम महायज्ञ को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं. बालाजी धाम के महंत श्री विष्णु दास जी महाराज ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री राम महायज्ञ एवं भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है.जिसको लेकर तैयारी पूर्ण होने रही हैं श्री राम महायज्ञ यज्ञ के आमंत्रण को लेकर गांव गांव बालाजी धाम के रथ के साथ पीले चावल लेकर घर-घर पहुंच रहे हैं .जिसमें बालाजी धाम बडोले के महंत विष्णु दास जी महाराज एवं यज्ञ प्रबंधक जितेंद्र सिंह ठाकुर विदाई किशोर सिंह ठाकुर बालाजी युवराज सिंह संजय सिंह चौहान पृथ्वी सिंह चौहान अंकित गुमान कुशवाहा सहित श्रद्धालु मौजूद रहे.

कार्यालय प्राचार्य, राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या (अग्रणी)स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा (म.प्र.)

क्रमांक/ 88/26 :: निविदा प्रकाशन :: दिनांक 09.01.2026

---00---

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की छात्राओं की स्टेशनरी हेतु निविदा क्रमांक GEM/2026/B/7078021 Date-08-01-2026 जेम पोर्टल पर प्रकाशित की गई है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 23.01.2026 है। इच्छुक प्रदायकर्ता फर्म अपनी निविदाएं उक्त पोर्टल पर जमा कर भाग ले सकते हैं। निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय प्राचार्य का होगा।

डॉ.बी.डी.अहिरवार
प्राचार्य
रा.वि.सि.शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय,विदिशा